**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 2188**

**दिनांक 12 दिसंबर, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**आयुष्मान वय वंदना योजना कार्ड जारी किया जाना**

**†2188. डॉ. के. सुधाकरः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देशभर में आयुष्मान वय वंदना योजना की कर्नाटक सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार स्थिति क्या है;

(ख) देश में, विशेषकर कर्नाटक में अब तक राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार जारी किए गए उक्त कार्डों की संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार का निकट भविष्य में उपरोक्त योजना के लाभार्थियों की आयु सीमा 70 वर्ष से घटाकर 60 वर्ष करने का विचार है ताकि देश के सभी वरिष्ठ नागरिकों को उक्त लाभ मिल सके;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) देशभर में, विशेषकर कर्नाटक में उक्त योजना के अंतर्गत राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार चिह्नित लाभार्थियों की कुल संख्या कितनी है?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) से (घ): आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) सरकार की एक प्रमुख योजना है जो भारत की आर्थिक रूप से कमजोर निचली 40% आबादी वाले 12 करोड़ परिवारों को माध्यमिक और विशिष्ट स्तर की अस्पताल में भर्ती के लिए प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य कवर प्रदान करती है। परिवार के आकार की कोई सीमा नहीं है और आयु और लिंग की परवाह किए बिना पात्र परिवारों के सभी सदस्य इस योजना के अंतर्गत आते हैं। अक्टूबर 2024 में, भारत सरकार ने एबी-पीएमजेएवाई का

विस्तार करते हुए 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना प्रति वर्ष 5 लाख रुपये का निःशुल्क स्वास्थ्य कवर प्रदान करना शुरू किया।

05.12.2025 तक, सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में 93 लाख से अधिक आयुष्मान वय वंदना कार्ड जारी किए जा चुके हैं। वरिष्ठ नागरिकों के लिए वय वंदना श्रेणी के अंतर्गत जारी किए गए आयुष्मान कार्डों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार जानकारी https://dashboard.nha.gov.in/public/card वेबसाइट पर देखी जा सकती है। 31.10.2025 तक, आयुष्मान वय वंदना श्रेणी के अंतर्गत कार्यान्वयन करने वाले राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में कुल 7.89 लाख अस्पताल प्रवेश स्वीकृत किए गए, जिनकी लागत 1741 करोड़ रुपये थी। इसके अलावा, समय-समय पर आवश्यकतानुसार नई प्रक्रियाओं को शामिल करके, नए अस्पतालों को सूचीबद्ध करके, नए लाभार्थियों को जोड़कर और अन्य सुधारों के माध्यम से उपचार का विस्तार किया जा रहा है।

(ङ): यह योजना 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को कवर करती है, जो 4.5 करोड़ परिवारों से संबंधित हैं, चाहे उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति कुछ भी हो। राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार वरिष्ठ नागरिक लाभार्थियों की अनुमानित संख्या **अनुबंध** में दी गई है।

*****

**अनुबंध**

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार वरिष्ठ नागरिक लाभार्थियों (70 वर्ष और उससे अधिक आयु) की अनुमानित संख्या

| **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **अनुमानित वरिष्ठ नागरिक व्यक्ति** |
|---|---|
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 13,329 |
| आंध्र प्रदेश | 25,94,554 |
| अरुणाचल प्रदेश | 35,085 |
| असम | 12,07,517 |
| बिहार | 39,42,479 |
| चंडीगढ़ | 38,434 |
| छत्तीसगढ | 10,97,453 |
| दिल्ली | 6,08,853 |
| डीएनएच और डीडी | 13,062 |
| गोवा | 92,727 |
| गुजरात | 28,53,690 |
| हरियाणा | 12,76,661 |
| हिमाचल प्रदेश | 4,72,957 |
| जम्मू और कश्मीर | 5,83,763 |
| झारखंड | 11,54,024 |
| कर्नाटक | 33,40,390 |
| केरल | 26,84,247 |
| लद्दाख | 14,500 |
| लक्षद्वीप | 2,754 |
| मध्य प्रदेश | 34,73,325 |
| महाराष्ट्र | 66,26,963 |
| मणिपुर | 1,23,101 |
| **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **अनुमानित वरिष्ठ नागरिक व्यक्ति** |
| मेघालय | 79,201 |
| मिजोरम | 42,272 |
| नागालैंड | 63,403 |
| ओडिशा | 23,12,979 |
| पुदुचेरी | 73,468 |
| पंजाब | 17,36,990 |
| राजस्थान | 31,45,124 |
| सिक्किम | 25,261 |
| तमिलनाडु | 43,19,331 |
| तेलंगाना | 18,02,995 |
| त्रिपुरा | 1,84,232 |
| उत्तर प्रदेश | 89,06,369 |
| उत्तराखंड | 5,33,339 |

*****